सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन के बीचवैश्विक कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समझौता

पुनः संस्करण - 17 दिसंबर, 2013

सोल्वे समूह के सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी समझौता,

सोल्वे समूह, इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यां पियरे क्लैमेड्यू द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया,

और:

इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन, इसके महासचिव, जिर्की रैना द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया

के बीच

प्रस्तावना

रासायनिक उद्योग केवल उत्तरदायित्व की ठोस भावना के साथ ही परिचालित हो सकता हैं। सोल्वे कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शेयरधारकों, अपने कार्यस्थलों के पास रहने वाले निवासियों, पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के साथ अपने व्यवहार में उत्तरदायित्व की भावना पर जोर देती है।

" सोल्वे रीति" पद्धति, जिसका कि यह समझौता एक अभिन्न अंग है, इस विकास मॉडल का पोषण करता है, जो परिचालन प्रदर्शन को सभी हितधारकों के प्रति हमेशा अधिक बड़े उत्तरदायित्व हेतु व्यवहार के उच्च मानकों के साथ जोड़ता है।

इस उत्तरदायित्व के लिए कर्मचारियों की महत्वपूर्ण सहभागिता आवश्यक है, इसीलिए सोल्वे की प्रबंधन और कर्मचारी प्रतिनिधियों के बीच एक समृद्ध, संतुलित संवाद बनाए रखने की इच्छा सोल्वे के मूल्यों और पहचान का केन्द्र बिन्दु है।

ऐसा उत्तरदायित्व सोल्वे की दुनिया भर की समस्त गतिविधियों से संबंधित है और इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिचालित किसी संगठन के साथ संवाद को आवश्यकता बनाता है।

यह इस समझौते के लिए तर्काधार है, जिसके माध्यम से सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन, जो दुनिया भर में रासायनिक उद्योग के कर्मचारियों को संगठित करती है, सूचना और संवाद के लिए एक संरचना का निर्माण कर रहे हैं और जहाँ कहीं भी दुनिया में यह समूह परिचालित होता है, वहाँ अच्छी औद्योगिक और श्रम प्रथाओं के प्रति अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता की पुष्टि कर रहे हैं। .

हर उस देश, जहाँ यह समूह परिचालित होता है वहाँ के संवैधानिक और विधिक दायित्वों के अनुपालन के अतिरिक्त, सोल्वे इस प्रतिबद्धता को स्वेच्छा से करती है। नीचे सूचीबद्ध वैश्विक मानकों का दुनियाभर में सभी सोल्वे कंपनियों द्वारा अनुपालन किया जाएगा।

समूह की सहायक कंपनियाँ, अपने देश की विशिष्ट आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वास्तविकताओं का ध्यान रखते हुए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस समझौते में निर्धारित प्रावधानों के आधार पर निरंतर प्रगति की भावना के साथ यह समझौता लागू किया जाए, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगी।

इस समझौते के दोनों पक्ष सहमत हैं कि इस समझौते में निहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यताप्राप्त मानक और सिद्धांत दुनिया भर में सभी सोल्वे स्थलों पर लागू किए जाएँगे, चाहे वे राष्ट्रीय कानून या विनियमों द्वारा आवश्यक हैं या नहीं।

इस समझौते का प्रभावी अनुप्रयोग सुनिश्चित करने हेतु सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन विश्वसनीय और रचनात्मक संबंधों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

I- समझौते की व्याप्ति

यह समझौता उन सोल्वे कंपनियों पर लागू होता है, जिस पर सोल्वे समूह का प्रत्यक्ष नियंत्रण है।

समूह की ये कंपनियाँ स्थानीय और राष्ट्रीय कानून का कड़ाई से अनुपालन करती हैं। स्थानीय और राष्ट्रीय कानून अधिक अनुकूल होने की स्थिति में, ये लागू होंगे।

विलय, अधिग्रहण या सोल्वे द्वारा नियंत्रित नई कंपनियों का निर्माण करने की ओर ले जाने वाले किसी भी प्रकार के कार्पोरेट पुनर्गठन की स्थिति होने पर या इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन को प्रभावित करने वाले इसी तरह के परिवर्तनों की स्थिति होने पर, ये नई कंपनियां उस समय तक स्वतः वैश्विक समझौते का हिस्सा और इसके प्रावधानों के अधीन मानी जाएँगी, जब तक कि समझौते पर पुनः बातचीत नहीं हो जाती।

II- वैश्विक मानक

अनुच्छेद 1

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन, समाज और कंपनी में बुनियादी श्रम अधिकारों और श्रमिक संघों के अधिकारों को शासित करने वाले कानून के प्रति अपनी निष्ठा की पुष्टि करते हैं।

1.1 अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) समझौता

सोल्वे बुनियादी मानव अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन कन्वेंशनों के अपने अनुपालन को दृढ़ता से व्यक्त करती है।

- **समझौता 87, 98 और 135**

सामूहिक सौदेबाजी में भाग लेने के अधिकार सहित संघ की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों की संरचना के भीतर, कर्मचारियों को स्वतंत्रतापूर्वक निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने, अपनी पसंद का संगठन बनाने और उस में शामिल होने का अधिकार है।

- **समझौता 29 और 105**

जबरन या अनिवार्य श्रम नियोजित नहीं करने के लिए प्रतिबद्धता।

- **समझौता 138 और 182**

बाल श्रम नियोजित नहीं करने के लिए प्रतिबद्धता।

- **समझौता 100 और 111**

समान मूल्य के काम के लिए पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पारिश्रमिक सहित नियुक्ति में अवसर और व्यवहार की समानता, और नियुक्ति और उपजीविका के संबंध में भेदभाव की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता।

- **समझौता 156**

पारिवारिक जिम्मेदारियों वाले दोनों लिंग के कर्मचारियों के लिए तथा गर्भवती और स्तनपान देती महिलाओं के लिए अधिकारों और अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता।

1.2 संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता

संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते के एक हस्ताक्षरकर्ता के रूप में, सोल्वे अपने 10 सिद्धांतों का सम्मान करने का उत्तरदायित्व लेती हैः

<u>मानवाधिकार</u>

- **सिद्धांत संख्या 1**

व्यवसायों को अपने प्रभाव के क्षेत्र में मानव अधिकारों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानून के संरक्षण का समर्थन और सम्मान करना चाहिए।

- **सिद्धांत संख्या 2**

सुनिश्चित करें कि वे मानव अधिकारों के हनन में सह-अपराधी नहीं हैं।

<u>श्रम मानक</u>

- **सिद्धांत संख्या 3**

व्यवसायों को संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार की प्रभावी मान्यता बनाए रखनी चाहिए।

- **सिद्धांत संख्या 4**

जबरन और अनिवार्य श्रम के सभी रूपों का निर्मूलन।

- **सिद्धांत संख्या 5**

बाल श्रम का प्रभावी उन्मूलन।

- **सिद्धांत संख्या 6**

नियुक्ति और उपजीविका के संबंध में भेदभाव का निर्मूलन।

पर्यावरण

- **सिद्धांत संख्या 7**

पर्यावरण चुनौतियों के लिए व्यापारों को किसी एहतियाती तरीके का समर्थन करना चाहिए।

- **सिद्धांत संख्या 8**

बड़े पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए पहल करें।

- **सिद्धांत संख्या 9**

पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रसार को प्रोत्साहित करें।

भ्रष्टाचार विरोधी

- **सिद्धांत संख्या 10**

व्यवसायों को जबरन वसूली और रिश्वतखोरी सहित भ्रष्टाचार के सभी रूपों के विरुद्ध काम करना चाहिए।

III - सोल्वे ग्रुप के लिए विशिष्ट प्रतिबद्धताएँ

1. स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सोल्वे के लिए अपने कर्मचारियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा एक प्राथमिकता है। काम करने की अच्छी स्थितियाँ सुनिश्चित करना और जोखिम का प्रबंधन करना समूह की दैनिक चिंताएँ हैं। सोल्वे ने दक्षतापूर्ण आंतरिक नीतियाँ अधिनियमित की हैं और उनका कठोरता से अनुप्रयोग करने पर जोर देती है। इसका लक्ष्य सुरक्षा के प्रदर्शन में लगातार सुधार

और नियमित रूप से अपने स्वयं के कर्मचारियों और उप-संविदाकार के कर्मचारियों के लिए आँकलन संकेतकों की निगरानी करना है।

- सोल्वे सभी कार्मिकों के लिए, उनके द्वारा किए जाने वाले काम और इससे संबंधित जोखिमों की परवाह किए बिना, काम करने की स्वस्थ स्थितियाँ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

- सोल्वे वचन देती है कि आरंभ से ही, निवेश परियोजनाएँ कार्मिकों या समीपवर्ती निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करेंगी। इसके अलावा, सोल्वे विद्यमान स्थितियों में सुधार की संभावना वाले समाधानों का समर्थन करती है।

- सोल्वे "एचआईवी/एड्स और कामकाजी दुनिया पर प्रथाओं की आईएलओ संहिता" के सिद्धांतों का ध्यान रखने, और इस महामारी के बारे में कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों को सूचित करने के लिए इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन के साथ मिलकर काम करने पर सहमत हैं।

1.2 वैश्विक सुरक्षा पैनल

वैश्विक सुरक्षा पैनल को सौंपी गई भूमिका, समूह के भीतर सुरक्षा की स्थिति की निगरानी करना है।

इस प्रयोजन के लिए, पैनल समूह द्वारा नियमित रूप से अवलोकन किए जाने वाले संकेतकों तक पहुँच रखता है। इस समझौते के पक्ष, यदि आवश्यक हो, तो इन संकेतकों के साथ अन्य विशिष्ट जानकारी जोडने पर सहमत हो सकते हैं।

पैनल का काम एक सतत प्रगति की पद्धति पर आधारित है। इसके अनुसार पैनल सुधार के लिए अपने टिप्पणियों और सिफारिशों की रिपोर्ट देता है।

वैश्विक सुरक्षा पैनल धीरे-धीरे अपने कार्यक्षेत्र की व्याप्ति को बढाकर इसमें औद्योगिक स्वच्छता और पर्यावरण को शामिल करेगा।

पैनल की सदस्यता

- समूह सामान्य प्रबंधन (ग्रुप जनरल मैनेजमेंट) द्वारा नियुक्त सोल्वे समूह से 3 प्रतिनिधि

- इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन केंद्रीय निकाय से दो प्रतिनिधि

- प्रश्नगत क्षेत्र में सोल्वे के कर्मचारियों में से इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन द्वारा चयनित प्रति भौगोलिक क्षेत्र से 1 प्रतिनिधि

- संबंधित भौगोलिक क्षेत्र हैं: उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और एशिया। **<u>संगठन की शर्तें</u>**

पैनल एक वर्ष में कम से कम एक बैठक का आयोजन करता है। यदि आवश्यक हो, तो पक्ष अतिरिक्त बैठकें बुलाने का निर्णय ले सकते हैं।

इस समझौते के पक्षों द्वारा चुने गए कार्यस्थलों (साइटों) में से एक पर पैनल की वार्षिक बैठक बुलाई जाती है। इस अवसर पर, सुरक्षा और काम की परिस्थितियों के साथ-साथ इन क्षेत्रों में समूह की नीतियों के प्रभावी अनुपालन की जाँच करने के लिए पैनल कार्य-स्थल का दौरा आयोजित करता है।

सोल्वे बैठकों के आयोजन से संबंधित व्ययों के अतिरिक्त पैनल के सदस्यों द्वारा किए गए यात्रा और आवास व्ययों का भुगतान करेगा।

2. गतिशीलता और रोज़गार

- सोल्वे खुले (ओपन एंडेड) कार्य अनुबंध के तहत लोगों को सीधा रोज़गार देने के पक्ष में है।

- सोल्वे संबंधित देश के लिए पेशे के बेहतर मानकों के साथ तुलनीय उचित मज़दूरी नीति को लागू करने का उत्तरदायित्व लेती है।

- इसकी गतिविधियों के पुनर्गठन या कर्मचारियों पर बडे सामूहिक प्रभाव वाले किसी अन्य प्रबंधकीय निर्णय की स्थिति होने पर, सोल्वे, कानूनी आवश्यकताओं और स्थानीय प्रथाओं के अनुपालन में, कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों को यथासंभव सूचित करने और रोज़गार तथा काम की परिस्थितियों पर प्रभाव को न्यूनतम करने की संभावना वाले प्रयासों को प्राथमिकता देने का वचन देती है।

- सोल्वे का मानना है कि इसके प्रत्येक कर्मचारी की स्वायत्तता और उत्तरदायित्व कंपनी के प्रदर्शन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी कारण से, कंपनी अपने कार्मिकों की कार्यकुशलता को बढ़ाने हेतु, भौगोलिक और कैरियर में उन्नति दोनों के लिए, आंतरिक गतिशीलता को प्रोत्साहित करती है।

सोल्वे की सहायक कंपनियाँ कर्मचारियों को कंपनी में उनके पूरे कैरियर के दौरान निम्नलिखित सेवाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास करती हैं:

- उपलब्ध नौकरियों के बारे में जानकारी, विशेषकर प्लेसमेंट केन्द्रों के माध्यम से (जब वे मौजूद हों)
- नई उपजीविकाओं और नई प्रौद्योगिकियों के लिए तैयार करने हेतु उन्हें प्रशिक्षण
- ज्ञान और कौशल विकास

- सोल्वे अपने उपजीविका परिवारों के समन्वित प्रबंधन के माध्यम से प्रबंधकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अन्य कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कर्मचारी गतिशीलता का समर्थन करती है।
- सोल्वे अपने कर्मचारियों के बीच एक संतुलित आयु वितरण को बनाए रखने के लिए प्रयास करती है और पुराने कर्मचारियों के कार्य एवं प्रदर्शन की परिस्थितियों पर विशेष ध्यान देती है।

3. कर्मचारी लाभ

सोल्वे सुनिश्चित करती है कि इसके कर्मचारी कल्याण संरक्षण योजनाओं से आवृत्त रहें, जो स्थानीय कानूनों, विनियमों और प्रथाओं के अनुपालन में, बीमारी, प्रसूति की स्थिति, या उनकी सेवानिवृत्ति के बाद लाभ प्रदान करती हैं और जब भी जरूरत हो अपनी स्वयं की पूरक लाभ योजनाएँ विकसित करती है।

4. भेदभाव-विरोधी

- सोल्वे भेदभाव के किसी भी रूप को खारिज करती है और विविधता का सम्मान और अवसर की समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी फ्रांस में विविधता चार्टर की एक हस्ताक्षरकर्ता है और आईएलओ समझौता 111 के प्रावधानों को कंपनी की नीति में रूपांतरित करती है। यह समझौता जाति, लिंग, त्वचा का रंग, धर्म, राजनीतिक या संघ संबंधी राय, राष्ट्रीय निकासी या सामाजिक मूल के आधार पर रोज़गार में समान अवसर या निष्पक्ष व्यवहार के किसी भी परिवर्तन को खारिज करता है। सोल्वे पारिवारिक जिम्मेदारियों वाले अपने कर्मचारियों का विशेष रुप से समर्थन करती है जो इस समझौते के अध्याय ॥ अनुच्छेद 1 1.1 में कथित आईएलओ समझौता 156 के प्रावधानों के अनुरूप है।

- यह पद्धति कर्मचारी विविधता को बढ़ावा देने के विशिष्ट प्रयासों को शामिल करती है।

5. आपूर्तिकर्ताओं और उप-संविदाकर्ताओं के साथ उत्तरदायी संबंध

- सोल्वे अपने आपूर्तिकर्ताओं और उप-संविदाकर्ताओं से कानून और सांविधिक विनियमों, साथ ही अंतरराष्ट्रीय समझौतों और मानकों के द्वारा निर्धारित बुनियादी मानव अधिकारों के अनुपालन करने, और इस प्रकार इस समझौते के प्रावधानों के सोल्वे द्वारा अनुपालन में योगदान देने की अपेक्षा करती है। इसमें सोल्वे उन्हें प्रोत्साहित करेगी और जब भी जरूरत पड़ेगी, इन क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता के लाभ की पेशकश करेगी।

- कर्मचारी स्वास्थ्य तथा सुरक्षा विधान, पर्यावरण संरक्षण या बुनियादी मानव अधिकारों का कोई भी गंभीर उल्लंघन, जिसका पूर्व चेतावनी के बावजूद उपचार नहीं किया जाए, संविदात्मक दायित्वों के अनुसार संबंधित कंपनी के साथ संबंधों की समाप्ति की ओर ले जाएगा।

6. जोखिम प्रबंधन और पर्यावरणीय संरक्षण

- **प्रक्रिया और उत्पाद जोखिम**

जोखिम प्रबंधन जिसका मार्गदर्शक सिद्धांत सबसे अच्छे मानकों का अनुप्रयोग है, सोल्वे के लिए एक प्राथमिकता है।

अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं की संरचना के भीतर, सोल्वे (निम्नलिखित को) विकसित करने का उत्तरदायित्व लेती है:

- ज्ञात और निर्धारित जोखिमों के संबंध में एक **निवारक तरीका**
- जहाँ तक कंपनी की गतिविधियों को प्रभावित करने वाले जोखिमों के मुद्दे का संबंध है, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की ओर एक अग्रसक्रियता, प्रगतिशीलता और जानकारी-एकत्रीकरण द्वारा चरित्रचित्रित एक **एहतियाती तरीका**

अपनी उत्पाद प्रबन्धन नीति के संदर्भ के भीतर, सोल्वे अपने ग्राहकों को समर्थन के प्रावधान के माध्यम सहित अपने उत्पादों का उनके जीवन-चक्र के दौरान समर्थन करने का वचन देती है।

सोल्वे सीएमआर (कार्सीनोजेनिक, म्यूटाजेनिक और टॉक्सिक से रिप्रॉडक्टिव तक) सहित "बहुत उच्च चिंता" के रूप में वर्गीकृत उत्पादों के लिए एक विशिष्ट तरीका विकसित कर रही है। सोल्वे

ने विशिष्ट संस्तुतियों को कार्यान्वित किया है जो इन पदार्थों के प्रतिस्थापन और जब कोई संभावित विकल्प न हो तो इनके उपयोग पर कठोर नियंत्रण को प्रोत्साहित करते हैं।

• पर्यावरण

सोल्वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानूनों और विनियमों का अनुपालन करती है और "पर्यावरण संरक्षण में प्रगति की रासायनिक उद्योग की प्रतिबद्धता" का पालन करती है। सुरक्षा में सुधार और साथ ही स्वास्थ्य तथा पर्यावरण संरक्षण में सुधार करने, और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में अपनी अविरत प्रतिबद्धता के भाग के रूप में कंपनी इन सिद्धांतों को लागू करती है।

इस तरह से, जब भी संभव होगा, सोल्वे द्वारा अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं से ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन को कम करने के लिए सबसे बेहतर मौजूद प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग किया जाएगा।
प्रासंगिक पर्यावरणीय मानकों और समूह नीतियों के प्रति कर्मचारी जागरूकता अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय दोनों स्तरों पर सोल्वे के तरीके में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस सम्बन्ध में कर्मचारी जागरूकता और विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन अपने प्रयासों को साझा करेंगे।

7. सामाजिक संवाद

- सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन एक समृद्ध, संतुलित सामाजिक संवाद के लिए एक ही प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं। यह संवाद, जोकि सोल्वे संस्कृति का हिस्सा है, कर्मचारी प्रतिभागिता और साथ ही स्टाफ प्रतिनिधियों के साथ नियमित बातचीत को शामिल करने वाली विभिन्न पहलों के रूप में होता है।

- इस संवाद में कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन एक साथ काम करेंगे।

  इस संबंध में, और राष्ट्रीय कानूनों और कंपनी की स्थानीय प्रथाओं के अनुपालन में, सोल्वे कर्मचारी प्रतिनिधियों को प्रासंगिक मुद्दों को उनके जानने और समझने के लिए आवश्यक जानकारी देगी। कर्मचारी प्रतिनिधि ऐसी जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करने का वचन देते हैं। सोल्वे कर्मचारियों को सामूहिक रुप से स्वंय को संगठित करने के

अधिकार का सम्मान करती है और इस मामले में उनके विकल्पों के संबंध में कठोरता से तटस्थ रहेगी।

- सोल्वे अपने कर्मचारियों का अपनी पसंद के एक संघ में शामिल होने अथवा शुरू करने के अधिकार का ध्यान रखता है। अपने कर्मचारियों के पसंद के एक संघ के साथ शामिल होने, आगे बढ़ने, संशोधित करने अथवा अलग होने के चयन के सम्बन्ध में सोल्वे बिलकुल निष्पक्ष रहेगा।

सोल्वे किसी भी कर्मचारी से कभी कोई अनुचित संपर्क, जो कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के सम्बन्ध में उसके निर्णयों को प्रभाव करने के लिए, नहीं करेगा। वह सुनिश्चित करेगा कि कर्मचारियों के साथ सारे संपर्क वास्तविक और गैर प्रतिकूल रहे।

- सोल्वे या तो काम पर रखते समय अथवा कर्मचारियों के कैरियर को प्रबंधित करते समय ट्रेड यूनियन गतिविधियों के कारण कोई भी भेदभाव न करने का वचन देती है।
- सोल्वे कर्मचारियों या उनके प्रतिनिधियों, जो इस समझौते में निर्धारित अधिकारों का दावा करते हैं या इसके प्रावधानों के अनुसार कार्य करते हैं, के विरुद्ध किसी भी प्रकार के भेदभाव का निषेध करती है।
- सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन संयुक्त रूप से संकेतकों की निगरानी करेंगे, जो कंपनी की विद्‍यमान संवाद संरचनाओं का आँकलन करते हैं।

8. **नागरिक संवाद**

- सोल्वे अपने कार्य-स्थलों (साइटों) के पड़ोसी समुदायों के साथ एक नियमित और विश्वासी संवाद रखने को बहुत महत्व देती है। इस प्रयोजन के लिए, कंपनी एक संवाद नीति विकसित कर रही है, जो स्थानीय कानूनों, विनियमों और प्रथाओं का ध्यान रखती है।
- सोल्वे उद्‍योग में सक्रिय गैर सरकारी संगठनों के साथ आवश्यकतानुसार एक रचनात्मक और उत्तरदायी संवाद विकसित करने की अपनी इच्छा पर दृढ़ है।

9. चिंताओं को उठाने का अधिकार

- सभी कर्मचारी कानून और कंपनी के उपक्रमों और आचरण के नियमों के अनुपालन के लिए उत्तरदायी हैं। वे उल्लंघन होने के बारे में अपने पर्यवेक्षकों को सतर्क कर सकते हैं और मानव संसाधन या विधि विभाग के स्थानीय प्रतिनिधि को भी मामले संदर्भित कर

सकते हैं। सोल्वे एक विशेष तंत्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो संवाद के सामान्य साधनों के ठीक से कार्य नहीं करने की स्थिति में कर्मचारियों की चिंताओं का सुना जाना सुनिश्चित करेगा।

IV - निष्पादन संकेतक

जहाँ तक समझौते द्वारा निर्धारित प्रतिबद्धताओं का संबंध है, सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन समूह द्वारा रिपोर्ट किए गए संकेतकों के आधार पर इस समझौते की एक वार्षिक समीक्षा करेंगे।

स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण

- पिछले तीन वर्षों में स्वच्छता (हाईजीन), सुरक्षा और पर्यावरण के संदर्भ में कंपनी की संदर्भ संरचना के अनुसार लेखापरीक्षित कार्यस्थलों का प्रतिशत।

- **TF1:** हानि हुए कार्य-समय के साथ दुर्घटना की आवृत्ति, प्रति मिलियन कार्य-घंटे दुर्घटनाओं की संख्या के रूप में व्यक्त

  TF2: दुर्घटना आवृत्ति की दर हानि हुए कार्य-समय सहित/रहित, प्रति मिलियन कार्य-घंटे में व्यक्त

- पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रभाव:

  - पानी
  - हवा
  - ऊर्जा की खपत
  - अपशिष्ट प्रबंधन

कर्मचारी और सामाजिक संवाद

- कर्मचारियों की संख्या (कुल कर्मचारियों की संख्या, प्रति भौगोलिक क्षेत्र और प्रति कार्य-स्थल)

- रोज़गार संरचना (प्रत्यक्ष रोज़गार, अस्थायी रोज़गार)

- उप-संविदा करने के बारे में समूह नीति
- विद्यमान सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ और आवृत्त की गई कर्मचारियों की संख्या या श्रेणी
- गतिशीलता: आंतरिक अभ्यर्थियों द्वारा भरी गई नौकरियों की संख्या
- जॉब प्रशिक्षण, विद्यमान संवाद संरचनाएँ

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन वर्तमान में रिपोर्ट किए गए सामाजिक संकेतकों के अनुकूलन और आवश्यकता के नए क्षेत्रों की पहचान करने के तरीकों पर संयुक्त रूप से नज़र रखते हैं।

आपूर्तिकर्ताओं और उप-संविदाकारों के साथ संबंध

- सोल्वे मानकों के अनुपालन की समीक्षा और कोई भी सुधारात्मक उपाय, जिसकी आवश्यकता हो।
- आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दर्ज शिकायतों की समीक्षा और सोल्वे द्वारा इन शिकायतों पर कार्रवाई।

सोल्वे रीति

सोल्वे रीति तरीके का लक्ष्य कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ और अधिक संवाद की संरचना के भीतर सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के संदर्भ में निरंतर प्रगति करना है।

सोल्वे रीति संदर्भ संरचना छः विभिन्न हितधारकोः ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, कर्मचारियों, निवेशकों, समुदायों और पर्यावरण के संबंध में समूह की विभिन्न कंपनियों की प्रथाओं एवं प्रगति के उद्देश्यों के वार्षिक मूल्यांकन का प्रावधान करती है।

संदर्भ संरचना कंपनियों को इन प्रथाओं के कार्यान्वयन के अपने वर्तमान स्तर को निर्धारित करने, और फिर उनसे संबंद्धित सुधार उद्देश्यों और योजनाओं को एक सतत प्रगति तरीके में परिभाषित करने में सहयोगी हो।

23 प्रतिबद्धताओं को सभी हितधारकों के लिए परिभाषित कर दिया गया है, और इन प्रतिबद्धताओं को पूर्ण करती 48 प्रमुख प्रथाओं को कार्यान्वयन के चार चरणों के अनुसार वर्गीकृत किया गया है:

1. प्रारंभ करना

कंपनी मूल रूप से हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा कर रही है। एक सूची (इन्वेंटरी) बना दी गई है।

2. तैनात करना

कंपनी ने आंतरिक रूप से और हितधारकों के साथ एक संरचित प्रगति के तरीके का कार्यान्वयन किया है। तरीके की प्राथमिकताओं की स्थापना के लिए विधियाँ मौजूद हैं, संसाधनों को लगा दिया गया गया है, प्रबंधकों ने कार्य योजनाओं में पहल शुरू कर दी हैं।

3. परिपक्वता

कंपनी ने सफलतापूर्वक कार्य योजना की शुरूआत की है। इन्हें कार्यान्वित कर दिया गया है और बोर्ड द्वारा प्रारंभिक प्रतिपुष्टि के साथ निगरानी की गई है। कर्मचारियों को उनकी तैनाती में शामिल किया है।

4. निष्पादन

कंपनी, क्षेत्र के मानक (बेंचमार्क) के सममूल्य है ... सुधार के तरीके टिकाऊ हैं और परिणाम सुधार के एक स्थायी स्तर का प्रदर्शन करते हैं। कंपनी को अनुकरणीय के रूप में मान्यता प्राप्त है, सभी हितधारक तरीके का अनुमोदन करते हैं।

प्रतिबद्धताएँ:

1. ग्राहक

1.1 ग्राहकों के साथ हमारे संबंधों में सीएसआर प्रतिबद्धताओं को व्यक्त करना
1.2 अपने उत्पादों से संबंधित जोखिम का प्रबंधन करना
1.3 अपने नवाचारों में सीएसआर एकीकृत करना
1.4 सीएसआर को एकीकृत करते हुए, अपने व्यापार का विश्लेषण और विकास करना

2. कर्मचारी

2.1 कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की गारंटी
2.2 कर्मचारियों के मौलिक मानव अधिकारों और सामाजिक अधिकारों की गारंटी
2.3 उच्च गुणवत्ता का सामाजिक संवाद सुनिश्चित करना
2.4 रोज़गार का विकास
2.5 कर्मचारियों को जुटाना

3. पर्यावरण

3.1 पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देना
3.2 प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करना
3.3 पर्यावरण पर हमारे प्रभाव को सीमित करना, जैव विविधता को संरक्षित करना
3.4 जिम्मेदार प्रभाव का प्रयोग करना

4. निवेशक

4.1 एक उत्तरदायी तरीके से मूल्य उत्पन्न करना
4.2 जोखिम प्रबंधन करना
4.3 कार्पोरेट संचालन में सबसे अच्छी प्रथा का प्रसार और अनुपालन सुनिश्चित करना
4.4 नैतिक और पारदर्शितापूर्ण संवाद करना

5. आपूर्तिकर्ता

5.1 पूर्व-आवश्यकताएँ परिभाषित करना और उन्हें आपूर्तिकर्ता चयन प्रक्रिया में एकीकृत करना
5.2 सीएसआर के संदर्भ में क्रेता के प्रदर्शन को मूल्यांकन करना
5.3 आपूर्तिकर्ताओं का प्रबंधन और आँकलन करना, संबंधों को बेहतर बनाना

6. समुदाय

6.1 सुनिश्चित करना कि संस्थाएँ अपने प्रदेशों में अच्छी तरह से एकीकृत हैं
6.2 कंपनियों के अपने प्रदेशों में उपस्थिति से संबंधित जोखिमों का नियंत्रण करना
6.3 प्रचालन तंत्र (लॉजिस्टिक चेन) में जोखिम नियंत्रण करना, दुर्घटनाओं को रोकना

ये उत्तरदायित्व प्रतिबद्धताएँ परिवर्तन के अधीन हैं; ऐसे किसी भी परिवर्तनों को इस अनुच्छेद के अन्तर्गत बाद में पुन:-बातचीत के दौरान शामिल किया जाएगा।

इस प्रकार उल्लिखित उत्तरदायित्व रूपरेखाएँ इस समझौते के लिए निगरानी संकेतकों का हिस्सा निर्मित करती हैं और उल्लिखित सोल्वे रीति के कार्यान्वयन की वार्षिक समीक्षा में इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन को शामिल किया जाएगा।

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन के विचार से सोल्वे रीति की पद्धति इस समझौते के गत्यात्मक अनुप्रयोग में बहुत बड़ा योगदान करती है और वे इसकी पूरी सफलता सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों को संयुक्त करने पर सहमत हो गए हैं।

V - समझौते का अनुप्रयोगः कार्य पद्धति

यह समझौता, जो दुनिया भर में सभी सोल्वे गतिविधियों पर लागू होता है, कंपनी की श्रम प्रथाओं को मज़बूत और विस्तारित करता है और स्थानीय संवाद और बातचीत की प्रथाओं को प्रतिस्थापित करने या उनमें हस्तक्षेप करने के आशय से नहीं है।

वैश्विक समझौते के आधार पर स्थानीय संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए, सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन यह सुनिश्चित करेंगे कि कंपनी या देशीय स्तर, जो भी उपयुक्त हो, पर जो सामाजिक संवाद शुरू किया जा रहा है, वह इस समझौते के प्रावधानों को लागू करता है और उन्हें स्पष्ट करता है।

सोल्वे इस समझौते की प्रतियाँ प्रबंधन को प्रदान करने और कर्मचारियों को इसके अस्तित्व और उन प्रतिबद्धताओं को, जो यह आवश्यक बनाता है, सूचित करने का वचन देती है। इस समझौते का इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन के साथ समझौते में संबंधित विभिन्न देशों की भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा और समूह की वेबसाइट के "सतत विकास" अनुभाग में उपलब्ध होगा।

इस संबंध में, नई भर्ती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिन्हें इस समझौते की एक प्रतिलिपि दी जाएगी।

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन अपनी साइटों पर कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा इस समझौते का बेहतर प्रसारण और जानकारी सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे। इस संबंध में, इस समझौते के लिए आवश्यक सामाजिक संवाद विकसित करने में सहायता हेतु इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन द्वारा स्थानीय रूप से आयोजित की जा सकने वाली बैठकों में इन प्रतिनिधियों की प्रतिभागिता के लिए सोल्वे सुविधा उपलब्ध कराएगी।

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन सहमत हैं, कि वे घटित होने वाली किसी भी समस्याओं के बारे में सूचित करने के लिए और बेहतर समाधान के निर्धारण करने हेतु एक दूसरे को सूचित करने के लिए पारस्परिक रूप से अविरत आधार पर उपलब्ध रहेंगे।

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन दोनों का मानना है कि समस्याएँ जहाँ पैदा होती हैं, उनका समाधान उसी स्थान के निकट बेहतर रूप से किया जा सकता है।

तथापि, सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन सहमत हैं कि कठिनाइयाँ, जिनका समाधान नहीं किया जा सकता, के उत्पन्न होने या इस समझौते की शर्तों को लागू करने में विफलता की स्थिति में, समूह सामान्य प्रबंधन को हस्तक्षेप करने के लिए कहा जा सकता है।

VI - निगरानी और वार्षिक समीक्षा

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन इस समझौते के सही अनुप्रयोग की लगातार निगरानी करेंगे और इस संबंध में वे एक वर्ष में एक बार संयुक्त रूप से परिभाषित देश या क्षेत्र में एक मूल्यांकन आयोजित करेंगे।

इस समझौते के अनुप्रयोग के साथ सामना की गई किसी भी समस्याओं का रिपोर्ट में उल्लेख किया जाएगा जिसमें प्रस्तुत किए गए समाधानं पर भी चर्चा की जाएगी। यदि कठिनाइयाँ स्थानीय स्तर पर अवलोकित की गई हैं तो रिपोर्ट को संबंधित साइट पर प्रबंधन और कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से लिखा जाएगा और समग्र समीक्षा में शामिल किया जाएगा।

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन एक वार्षिक आधार पर वर्ष की पहली तिमाही में आयोजित औपचारिक बैठक के दौरान इस समझौते के अनुप्रयोग की समीक्षा करेंगे।

इस अवसर पर सोल्वे सहमत संकेतकों और इस समझौते की शर्तों (वैश्विक समझौते का आँकलन और वैश्विक सुरक्षा पैनल की बैठक) के तहत प्रावधान किए गए देश में इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन और सोल्वे द्वारा किए गए संयुक्त आकलन के परिणामों के आधार पर एक समीक्षा दस्तावेज प्रस्तुत करेगी।

सोल्वे संगठनात्मक व्ययों, जैसे कि, यात्रा, आवास, और अनुवाद सेवाओं के लिए उत्तरदायी होगी।

समझौते की समाप्ति से पहले इसके संभावित नवीनीकरण को तैयार करने के लिए सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन एक संयुक्त समीक्षा करने पर सहमत हैं। इस समझौते की वैधता के अंत के करीब आयोजित यह समीक्षा दोनों पक्षों द्वारा चुने गए किसी बाह्य विशेषज्ञ को, सोल्वे द्वारा लागत आवृत्त किए जाने के साथ, सौंपी जा सकती है।

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन ही केवल वे पक्ष हैं जो इस समझौते के अनुप्रयोग द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए प्राधिकृत हैं।

सोल्वे और इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन समूह के भीतर एक विश्वव्यापी सामाजिक संवाद विकसित करने के लाभों के बारे में सहमत हैं और इस मामले पर सुझावों का अनुसरण करेंगे। एक बार इन पर निर्णय हो जाने पर संवाद के नियम और शर्तें इस समझौते में संशोधन का विषय होंगी।

VII - समझौते की वैधता

यह समझौता अपने हस्ताक्षर की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए मान्य है ।

समझौते को अनुकूल करने के दृष्टिकोण से, इस समझौते को संविदात्मक संशोधन द्वारा किसी भी समय पर परिशोधित किया जा सकता है।

समझौते की समाप्ति की तिथि से पूर्ववर्ती वर्ष में, और इस तिथि से कम से कम से तीन महीने पहले तक इसके संभावित नवीनीकरण के दृष्टिकोण से इस समझौते के अनुप्रयोग की एक समग्र समीक्षा तैयार करने लिए हस्ताक्षरकर्ता मिलेंगे।

कोई भी हस्ताक्षरकर्ता इस समझौते से पीछे हट सकता है, बशर्ते यह छः महीने का नोटिस देता है।

यह समझौता इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन के साथ संयुक्त रूप से परिभाषित सूची के अनुसार देशों की प्रत्येक भाषाओं में जहाँ सोल्वे का उत्पादन स्थल आधारित हैं, अनुवादित किया जाएगा। समझौते का फ्रांसिसी भाषा का संस्करण हस्ताक्षरकर्ताओं के लिए कानूनी प्रभाव वाला होगा।

झान पियर क्लामादिय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी

और

इंडस्ट्रीआल ग्लोबल यूनियन, जिक्री रैना, महासचिव द्वारा प्रतिनिधित्व

ब्रसल्स, 17 दिसंबर, 2013